# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| Yugmarg | 21.09.2022 | -- | -- |


# Opportunity for unemployed youths, farmers and entrepreneurs to setup business

**BUREAU**
**HISAR, SEPT 20**



If you have a new idea to do any business, then your idea can fetch you a grant of upto Rs. 25 Lakh from Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India through Agribusiness Incubation Centre (ABIC) established in ChaudharyCharan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU), Hisarwith the financial support of NABARD and Ministry of Agriculture and Farmers Welfare. For this, you only have to apply online on CCSHAU and ABIC's website www.hau.ac.in and www.abichauhisar.com by October 17, 2022.According to CCSHAU Vice Chancellor and the President of ABIC, Prof. B.R.Kamboj, through this centre, youth, farmers and entrepreneurs can give a new dimension to their startup in the agriculture sector by taking training related to marketing, networking, licensing, trademark and patent, technology and through funding. For this, two programmes named 'PAHAL' and 'SAFAL'-2022 have been started, in which there is a provision of financial grant of Rs. 5 lakhs and 25 lakhs, respectively. He said that in the last 3 years, 44 startups have been sanctioned Rs 5 crore 18 lakh by the Union Ministry of Agriculture and Agriculture Welfare.

The Vice Chancellor has released a brochure related to the above programmes.To get the benefit, the applicant has to submit the proposal of his idea online. After this the idea will be selected by the Incubation Committee and the RIC Committee of the University for two months training. On completion of the training, this committee will get the applicant's idea presented again and the proposal of selected applicant will be sent to the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India for grant amount.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21-9-22 | 4 | 3-5 |

# एक आइडिया कारोबार स्थापित करने के लिए दिलाएगा 25 लाख की ग्रांट

## एबिक ने 'पहल' व 'सफल' कार्यक्रम के तहत मांगे 17 तक आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आपको 25 लाख रुपये तक की ग्रांट दिला सकता है। सबसे बेहतर आइडिया को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपये की अनुदान राशि मिलेगी। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट www.hau.ac.in और www.abichauhisar.com पर 17 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बीआर कांबोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाइसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रुपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रुपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअप को केंद्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।



एचएयू में पत्रिका का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो.बीआर कांबोज व अन्य। संवाद

आवेदन के बाद आइडिया का इंक्यूबेशन कमेटी व यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद दोबारा वही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.9.22 | 10 | 6.8 |


3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय ने 5 करोड़ 18 लाख की स्वीकृत

# बिजनेस आइडिया पसंद आने पर हकृवि देगा 25 लाख का लोन, एचएयू के एबिक ने मांगें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

## इनोवेटिव आइडिया पर मिलेगी ग्रांट

विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बीआर काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाइसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी तथ फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए पहल तथा सफल-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें पहल प्रोग्राम में 5 लाख रुपये जबकि सफल प्रोग्राम में 25 लाख रुपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

## अनुदान राशि व प्रशिक्षण के लिए ये होगी चयन प्रक्रिया

आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल ऑनलाइन निवेदन करना है। इसके बाद उस आइडिया का इवयुवेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन करेगी। इसके अलावा प्रशिक्षण के बाद दोबारा यही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.9.22 | 2 | 1-4 |

# एक आइडिया दिला सकता है 25 लाख की ग्रांट

## एचएयू के एबिक ने 17 अक्टूबर तक मांगे आवेदन, बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों के लिए अवसर

भास्कर न्यूज | हिसार

अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है।

अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट www.hau.ac.in and www.abichauhisar.com पर 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करना है।



### अनुदान राशि व प्रशिक्षण के लिए ये चयन प्रक्रिया

आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल ऑनलाइन निवेदन करना है। इसके बाद उस आइडिया का इंक्युबेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

### नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बनें

कुलपति ने कहा युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, सर्विसिंग, पैकेजिंग व ब्रांडिंग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं।

### कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार, इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख की अनुदान राशि का प्रावधान है। 3 साल में 44 स्टार्टअप्स को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.9.22 | 4 | 6 |

# एच.ए.यू. के एबिक ने मांगे आवेदन

हिसार, 20 सितम्बर (ब्यूरो): अगर आपके पास कोई बिजनैस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनैस इंक्यूबेशन सैंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपए की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वैबसाइट पर 17 अक्तूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सैंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्कीटिंग, नैटवर्किंग, लाइसैंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटैंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से 2 प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रुपए जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रुपए की अनुदान राशि का प्रावधान है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.9.22 | 4 | 3-5 |

# बेरोजगार युवक, किसान व उद्यमी शुरू कर सकते हैं स्टार्ट अप, एचएयू ने मांगे आवेदन

जागरण संवाददाता, हिसार: अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या नया विचार है, तो यह विचार आपका स्टार्टअप का सपना पूरा कर सकता है। इस सपने को पूरा करने का काम चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कर सकता है। दरअसल एचएयू में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपये की अनुदान राशि स्टार्टअप के लिए दी जाती है। इस अनुदान के लिए आवेदक को एचएयू और एबिक की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। इसमें 17 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

3 सालों में 44 स्टार्ट अप को कैन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय की ओर से 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत



**25** लाख तक का अनुदान नवाचार को मिल सकता

**17** अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन करें आवेदक

### ये होगी चयन प्रक्रिया

आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल आनलाइन भेजना है। इसके बाद उस आइडिया का इंक्यूबेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआइसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के बाद दोबारा यही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बीआर काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए पहल व सफल-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। जिसमें पहल कार्यक्रम में 5 लाख रुपये जबकि सफल प्रोग्राम में 25 लाख रुपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्ट अप को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.9.22 | 5 | 1-3 |

# बेरोजगार युवकों, किसानों व उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर, एचएयू के एबिक ने मांगे आवेदन

## एक आइडिया कारोबार स्थापित करने के लिए दिला सकता है 25 लाख की ग्रांट : कुलपति काम्बोज

हिसार, 20 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा) : अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्तूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रूपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।

कुलपति ने कहा युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स देश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे इसके साथ ही युवा, किसान व उद्यमी एबिक सेंटर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, सर्विसिंग, पैकजिंग व ब्रांडिग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं। ये दोनों कार्यक्रम उनको आत्मनिर्भर बनाने में काफी मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा इस सेंटर से अब तक जुड़े युवा, उद्यमी व किसानों ने ना केवल अपना कंपनी का टर्न ओवर करोड़ों रूपए तक पहुंचाया है अपितु उन्होंने दूसरे लोगो को रोजगार भी प्रदान किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 20.09.2022 | -- | -- |

## बिजनेस का नया तरीका बताएं व पहल या सफल कार्यक्रम के तहत लें अनुदान राशि



नभ-छोर न्यूज »» 20 सितंबर

हिसार। अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपए की अनुदान राशि दिला सकता है।

यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बीआर काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए पहल व सफल-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें पहल प्रोग्राम में 5 लाख रुपए जबकि सफल प्रोग्राम में 25 लाख रुपए की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअप्स को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया। आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल ऑनलाइन निवेदन करना है। इसके बाद उस आइडिया का इंक्यूबेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के बाद दोबारा यही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। कुलपति ने कहा युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स देश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे इसके साथ ही युवा, किसान व उद्यमी एबिक सेंटर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, सार्टिंग, पैकजिंग व ब्रांडिंग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं। ये दोनों कार्यक्रम उनको आत्मनिर्भर बनाने में काफी मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा इस सेंटर से अब तक जुड़े युवा उद्यमी व किसानों ने ना केवल अपना कंपनी का टर्न ओवर करोड़ों रुपए तक पहुंचाया है अपितु उन्होंने दूसरे लोगों को रोजगार भी प्रदान किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.09.2022 | -- | -- |


# बेरोजगार युवकों, किसानों व उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर, एचएयू के एबिक ने मांगे आवेदन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विवरण पुस्तिका का विमोचन करते हुए।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रूपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 20.09.2022 | -- | -- |

# आपके पास बिजनेस आइडिया है तो हकृवि देगा 5 से 25 लाख रुपये

## एचएयू के एबिक ने मांगे आवेदन



चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्तूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रैडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रूपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।

### नौकरी खोजने की बजाय बन सकते हैं नौकरी देने वाले

कुलपति ने कहा युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स देश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे इसके साथ ही युवा, किसान व उद्यमी एबिक सेंटर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, सर्विसिंग, पैकिंग व ब्रांडिग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं।

### अनुदान राशि व प्रशिक्षण के लिए ये होगी चयन प्रक्रिया

आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल ऑनलाइन निवेदन करना है। इसके बाद उस आइडिया का इंक्युबेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के बाद दोबारा यही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 20.09.2022 | -- | -- |

# एक आइडिया कारोबार स्थापित करने के लिए दिला सकता है 25 लाख रू. की ग्रांट : कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्तूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है। इनोवेटिव आइडिया को मिल सकती है

## 25 लाख तक की ग्रांट

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रूपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअप्स को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने इस कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।

## अनुदान राशि व प्रशिक्षण के लिए ये होगी चयन प्रक्रिया

आवेदक को अपने आइडिया का प्रपोजल ऑनलाइन निवेदन करना है। इसके बाद उस आइडिया का इंक्यूबेशन कमेटी तथा यूनिवर्सिटी की आरआईसी कमेटी द्वारा दो महीने के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के बाद दोबारा यही कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक के नाम के प्रस्ताव



को अनुदान राशि के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाएगा।

## नौकरी खोजने की बजाय बन सकते हैं नौकरी देने वाले

कुलपति ने कहा युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। एबिक सेंटर से प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता लेकर युवा नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही युवा, किसान व उद्यमी एबिक सेंटर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, मार्केटिंग, पैकेजिंग व ब्रांडिंग करके व्यापार की अपार संभावनाएं तलाश सकते हैं। उन्होंने कहा इस सेंटर से अब तक जुड़े युवा उद्यमी व किसानों ने न केवल अपना कंपनी का टर्न ओवर करोड़ों रूपए तक पहुंचाया है अपितु उन्होंने दूसरे लोगों को रोजगार भी प्रदान किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 21.09.2022 | -- | -- |

# बेरोजगार युवकों, किसानों व उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर, एचएयू के एबिक ने मांगे आवेदन

हिसार: अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत



सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रूपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की वेबसाइट पर 17 अक्तुबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

**इनोवेटिव आइडिया को मिल सकती है 25 लाख तक की ग्रांट**

कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाईसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते हैं। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रूपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रूपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअपस को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| भारत सारथी | 20.9.2022 | -- | -- |

# बेरोजगार युवकों, किसानों व उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर, एचएयू के एबिक ने मांगे आवेदन

Sep 20, 2022 aap party haryana, haryana bjp, haryana congress, haryana sarkar, INLD, jjp, एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, नाबार्ड, मुख्यमंत्री मनोहर लाल



Share via:

+ More

**एक आइडिया कारोबार स्थापित करने के लिए दिला सकता है 25 लाख रु. की ग्रांट: कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज**

हिसार: 20 सितम्बर – अगर आपके पास कोई बिजनेस करने का नया तरीका या आइडिया है, तो यह आइडिया आपको चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से 5 से 25 लाख रुपये की अनुदान राशि दिला सकता है। यह अनुदान राशि एक प्रक्रिया के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए आपको सिर्फ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व एबिक की
वेबसाइट www.hau.ac.in and www.abichauhisar.com पर 17 अक्टूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

इनोवेटिव आइडिया को मिल सकती है 25 लाख तक की ग्रांट

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं एबिक के अध्यक्ष प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से युवा, किसान व उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाइसेंसिंग, ट्रेडमार्क व पेटेंट, तकनीकी व फंडिंग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में अपने स्टार्टअप को नया आयाम दे सकते है। इसके लिए 'पहल' व 'सफल'-2022 नाम से दो प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, जिसमें 'पहल' प्रोग्राम में 5 लाख रुपये जबकि 'सफल' प्रोग्राम में 25 लाख रुपये की अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया पिछले 3 सालों में 44 स्टार्टअप्स को केन्द्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 5 करोड़ 18 लाख की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन किया।